प्रकाशन प्रभाग के निदेशक के कारनामे

1097. **श्री कपिल वर्मा :**
श्रीमती वीणा वर्मा :
प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 19 अक्तूबर, 1988 के 'नवभारत टाइम्स' में "प्रकाशन विभाग में आजकल क्या हो रहा है" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित उस समाचार की ओर आकर्षित किया गया है जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि प्रकाशन विभाग के निदेशक इन दिनों अपने विभाग के प्रकाशनों का इस्तेमाल अपनी व्यक्तिगत छवि बनाने और उसे निखारने में कर रहे है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस मामले में कोई जांच की है या कोई अन्य कार्यवाही की है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत): (क) जी, हां ।

(ख) प्रकाशन विभाग के निदेशक पर अपनी छवि बनाने के बारे में आरोप निराधार और जानबूझकर लगाया गया पाया गया है । समाचार पत्र द्वारा स्वयं 19-10-88 को उपयुक्त खंडन भी प्रकाशित किया गया है जिससे स्थिति पर्याप्त रूप से स्पष्ट हो जाती है । आगे कोई कार्यवाही आवश्यक नहीं समझी जाती है ।

Increase in the prices of essential commodities

1098. PROF. CHANDRESH P. THAKUR:
SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI KAPIL VERMA:

Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether there has been an increase in the prices of wheat and few other commodities in the last three months; if so, the month-wise figures thereof; and

(b) whether there is hoarding of wheat stock by the traders; if so, the steps proposed to be taken to get it de-hoarded and bring down the prices?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI D. L. BAITHA): (a) There has been some increase in the prices of wheat, rice, some varieties of pulses, vegetables, milk chillies etc. during the last three months ending October, 1988. However, the wholesale price indices of some other commodities namely, bajra, groundnut oil, mustard oil, vanaspati arhar and moong have declined.

A statement showing the wholesale price indices of selected commodities from July, 1988 to October, 1988 is given [*See* Appendix 148, Annexure No. 51].

(b) On account of the unprecedented drought in the country in 1987 and consequent shortages some tendency towards hoarding cannot be ruled out. However, State Governments and Union Territory Administrations have been advised from time to time to strictly enforce the regulatory measures through intensifying their dehoarding drive and also through fixing stock holding limits of wheat and rice and to bring wheat and wheat products under licensing wherever necessary. Further, the import of wheat and rice has been arrangd to augment the domestic availability.

Signing of Audit reports of NCCF

1099. SHRI VIRENDRA VERMA: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to refer to the reply to Unstarred Question 3123 given in the Rajya Sabha on the 19th August, 1988 and state:

(a) the number of schedules submitted by the statutory auditors for accounts of NCCF 1986-87 as required under Multi State Cooperative Societies (Account and Audit) Rules, 1985 framed under M.S.Cs. Act, 1984; and

(b) in case no schedule was attached what are the basis to conclude that the said audit report complied with the requirements of law?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI D. L. BAITHA): (a) Information in respect of all the schedules as mentioned in Multi State Societies (Account and Audit) Rules, 1985 was submitted by the statutory auditors in the main audit report for 1986-87.

(b) Does not arise.

Import of dry Dates by NCCF

1100. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question 2934 in the Rajay Sabha on 19th August, 1988 and state:

(a) whether C.B.I. investigation was undertaken in *Iraqi* dry dates much prior to July, 1987; and

(b) if so, what are the reasons for not serving the charge sheet framed against CAF of NCCF in July, 1987 and what are tic circumstances for withholding action airainst the said officer?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI D. L. BAITHA): (a) The matter was referred to CBI by this Ministry in July, 1987.

(b) The charge sheet against Controller of Accounts & Finance could not be served in July 87 since the case was referred to the CBI for investigations and all the records had to be made available to them to facilitate investigations. The CBI have already started regular investigation and action will be taken against those found guilty in due course as per Law.

भारत पाक सीमा पर स्थित गांवों में बेरोजगारों के लिये "क्रैश जाब प्लान"

1101. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठ मलानी :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत पाक सीमा पर स्थित 212 गांवों में 30 वर्ष से कम आयु के लगभग 6000 मैट्रिक पास बेरोजगार नौजवान रहते हैं ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन नौजवानों के लिए एक "क्रैशजाब प्लान" बनाई गई है ;

(ग) यदि हां, तो इस प्रकार की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार इस योजना को किस प्रकार और कब तक कार्यान्वित करने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनादन पुजारी) : (क) से (घ). पंजाब सरकार ने भारत सरकार कोग्रामीण क्षेत्रों में, विशेषकर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के आस-पास के गांवों में शिक्षित युवाओं में बड़ी मात्रा में बेरोजगारी से संबंधित मामले का उल्लेख किया था। उनकी संख्या लगभग 5,000 बताई गई थी। राज्य सरकार ने चाहा था कि इस लक्षित समूह के लिए समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत ऋणों की अधिकतम सीमा को एक विशेष मामले के तौर पर बढ़ा दिया जाए।

इस मामले की जांच की गई थी और यह महसूस किया गया था कि चूंकि समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम पूरे देश में चल रहा है, इसलिए, केवल एक राज्य के लिए सबसीडियों और निवेश के